हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 मई 2024

11 पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर मनाई ....



12 बावड़ी गेट सरकुलर रोड पर बना कचरा प्वाइंट हटाया...



## खबर संक्षेप

### विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविरआज

**भिवानी।** रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है, क्योंकि दान के रूप में दी गई रक्त की चन्द बूंदें किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करती हैं। रक्तदान महादान होता है, रक्त की महत्ता वहीं समझ सकता है जिसका कोई अपना रक्त की कमी से तड़पा हो। शिविर के आयोजक रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि विश्व थैलेसीमिया दिवस पर 7 मई को वंशिका फाउंडेशन द्वारा चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कल ऐबी पॉजिटिव ग्रुप के रक्तदाता सुबह सवा नौ बजे से 11 बजे तक ब्लड बैंक में आकर रक्तदान करें। रक्तदाताओं का हौसला अफजाई रक्तदाता राजेश डुडेजा करेंगे।

### श्रीश्याम कृपा महोत्सव कार्यक्रम कल

**भिवानी।** कृपा सांवरे की परिवार द्वारा 8 मई को सांय 6 बजे स्थानीय लोहड़ चौपटा में श्रीश्याम कृपा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कृपा सांवरे की परिवार भिवानी के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम दास सर्राफ एवं विशिष्ट अतिथि नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में चैतन्य दाधिच जयपुर, आयुष सोमानी जयपुर, निखिल अग्रवाल भिवानी भजनों के माध्यम से श्रीश्याम की महिमा का गुणगान करेंगे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को लोहारू में

**लोहारू।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी के मार्गदर्शन में लोहारू के न्यायिक परिसर में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्ष एवं एसीजे सीनियर डिवीजन जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनो पक्षों की आपसी सहमति से लंबित मामलों का समाधान किया जाएगा। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 11 मई को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# दो दिन और मिलेगा पानी, कार्यकारी अभियंता ने किया जलघरों का दौरा

## सिंचाई विभाग ने पूरे सप्ताह बंद रही मिताथल फीडर में पानी छोड़ दिया



- अधिकारियों की मांग के बावजूद सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 847, मिताथल फीडर में 404 , जुई फीडर में 766 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है

**भिवानी।** बापौड़ा जलघर में पहुंचा पानी, निरीक्षण करते कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान और मिताथल फीडर में छोड़ गया पानी। फोटो : हरिभूमि



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अब शहर व ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब गर्मी में लोगों को पीने के पानी की किल्लत नहीं झेलनी पड़ेगी। चूंकि बार.बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा जलघरो को पानी से भरने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़े जाने की मांग के बाद दो दिन अतिरिक्त पानी दिए जाने की मांग मान ली है। अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के बाद सिंचाई विभाग ने पूरे सप्ताह बंद रही मिताथल फीडर में पानी छोड़ दिया है। पानी छोड़ने के बाद सोमवार को नजदीकी गांव बापौड़ा व आसपास के गांवों के जलघरों में पानी पहुंचना शुरू हो गया।

दो दिनों में प्राथमिकता के आधार पर जलघरों को भरने की कवायद भी शुरू हो गई। दूसरी तरफ जलघरों के टैंकों को भरना सुनिश्चित करने के लिए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान ने गांव बापौड़ा के जलघर का दौरा किया और पानी की स्थिति जानी। इस दौरान उन्होंने पब्लिक हेल्थ के कर्मचारियों से नहर से लेकर जलघर तक पानी की निगरानी चौकस किए जाने के निर्देश दिए। ताकि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की समस्या से न जुझना पड़े।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पांच मई शाम को सुंदर ग्रुप की बारी खत्म हो रही थी। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बार.बार मुख्यालय में सम्पर्क साध कर नहरों में अतिरिक्त पानी की मांग की। जिसके चलते सिंचाई विभाग ने दो दिनों के लिए अतिरिक्त पानी दे दिया है। अब 8 मई तक नहरों में पानी चलेगा। जिससे जिस इलाके के जलघरों में पानी नहीं पहुंच पाया है। उन इलाकों के जलघरों को पानी से भरा जाएगा। जिसकी पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने अपनी तैयारी भी पूरी कर ली है। बताते है कि अधिकारियों की मांग के बावजूद सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 847 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसी तरह मिताथल फीडर में 404 क्यूसेक, जुई फीडर में 766 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है। फिलहाल उन माइनरों में प्राथमिकता के आधार पर पानी दिया जा रहा है। जिस माइनर पर गांव या कस्बों के जलघर है। ताकि उन जलघरों के टैंकों में पानी का स्टॉक पूरा किया जा सके।

### अतिरिक्त पानी की मांग भेजी थी

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान ने मिताथल फीडर में पानी छोड़े जाने के बाद गांव बापोड़ा, बजीणा के जलघरों का दौरा किया। उन्होंने नहर से जलघर तक जाने वाली नालियां भी देखी,बल्कि उक्त अधिकारी जलघर के टैंकों को भी देखने गए कि वहां पर पानी पहुंच रहा है या नहीं। इस दौरान जलघरों के टैंकों में पानी पहुंचता मिला। कार्यकारी अभियंता जितेंद्र मान ने बताया कि जलघरों के टैंकों को भरने के लिए अतिरिक्त पानी की मांग भेजी थी। उसके बाद दो दिनों के लिए पानी मिला है। वे प्राथमिकता के आधार पर जलघरों के टैंकों को पानी से भरवाया जाएगा। ताकि लोगों को पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल सके।

### मिताथल फीडर था बंद

विगत में पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग ने केवल सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी व जुई फीडर में पानी छोड़ा था। मिताथल फीडर को बंद कर रखा था,लेकिन रविवार देर शाम मिताथल फीडर में भी पानी छोड़ दिया। पानी छोड़ने के बाद गांव बापौड़ा, बजीणा, कोहाड़ आदि गांवों के जलघरों में पानी पहुंचने की उम्मीद जग गई है। क्योंकि इन गांवों के जलघरों में पानी पहुंचा ही नहीं था। गांव की पेयजल सप्लाइर पूरी तरह से डिस्टर्ब थी। अब पानी पहुंचा तो जल्द ही इनकी सप्लाई पटरी पर आ जाएगी।





**भिवानी।** अलग राजधानी व अलग हाईकोर्ट की मुहिम चलाने वाली बिमला चौधरी को समर्थन देते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# अलग राजधानी और हाईकोर्ट की मुहिम को बार एसो. ने दिया समर्थन

- विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता बिमला चौधरी ने तोशाम बार एसो. द्वारा चलाए जा रहे अभियान मे शामिल होने का समर्थन मांगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

हरियाणा कि अपनी अलग राजधानी व अलग हाईकोर्ट की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को बार एसोसिएशन के मीटिंग हाल में बार एसोसिएशन ने पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया।

इस विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता बिमला चौधरी ने इस मुद्दे पर तोशाम बार एसोसिएशन को चलाए जा रहे अभियान मे शामिल होने का समर्थन मांगा जिस पर एसोसिएशन ने पूर्ण रूप से समर्थन करने का निर्णय लिया। चौधरी ने कहा कि हरियाणा कि अधिकतर बार एसोसिएशने अभियान का समर्थन कर चुकी हैं और उनमें समर्थन के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं व अन्य सामाजिक संगठन भी अभियान में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन तोशाम के प्रधान एडवोकेट सत्यवान श्योराण व सचिव सुमन दहिया एडवोकेट ने बार में पहुंचने पर बिमला चौधरी को बार की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रधान राकेश नहरा, गुलशन काठपालिया, पवन ढाका, संदीप भगासरा,तेलुराम नाफरिया, रजनीश रेढू, श्रीमती विजय लक्ष्मी, राजपाल यादव, रोहित अरोड़ा, मनिन्दर गुज्जर, सुधीर मोदगिल आदि एडवोकेट शामिल थे।

# बवानी खेड़ा जलघर के कर्मचारियों की मनमानी के चलते लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

**रोष**

- पानी की किल्लत के चलते किराये पर टैंकरों से पानी डलवा कर अपना व पशुओं का काम चलाया जा रहा
- कर्मचारी सीधे मुंह नहीं करते बात, ग्रुप में पानी छोड़ने का मैसेज भी नहीं भेजते

बवानी खेड़ा में दो जल घर होने के बावजूद भी द्वितीय जल घर में लगे कच्चे कर्मचारियों की मनमानी के चलते खेतों में बनी ढाणीयों के लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

ढाणी वासियों में दीपक, बिल्लू, राजबीर, राजेश, जयदीप, राकेश, जोगेंद्र, अनिलए, सचिन आदि का कहना है कि कर्मचारी द्वारा बनाये गए व्हटशप ग्रुप के जरिए सप्लाई छोड़ने का संदेश दिया जाता था अब सप्लाई आने का न ही ग्रुप के माध्यम से कोई संदेश दिया जाता और न ही कोई समय निर्धारित किया गया है कर्मचारियों से बातचीत में उपमंडल अभियंता को शिकायत करने का कहने पर कर्मचारी नवीन व अन्य का कहना था कि इतनी चाले है तो नई लाइन लगवा लोए ईब तक तो बताया करदे आगे कोन्या बतावाँ कह दियों जेइ साहब न और एसडीओ साहब न। पानी की किल्लत के चलते किराये पर टैंकरों से पानी डलवा कर अपना व पशुओं का काम चलाया जा रहा है। वार्डवासियों ने समय पर पानी सप्लाई की बात कही।

# युवाओं के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : आर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

- अपने परिवार एवं मोहल्ले के लोगों को मतदान के लिए करें प्रेरित

लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। 25 मई को आगामी लोकसभा चुनाव में युवाओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने परिवार एवं मोहल्ले के लोगों को मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि राज्य एवं देश के विकास के लिए एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। स्वीप टीम द्वारा हड़ौदी, हड़ौदा, मांढी पिरानू, मांढी केहर और मांढ़ी हरिया में छात्रों और ग्रामीणों को मतदान के महत्त्व बारे समझाया और चुनाव के दिन जिम्मेदारियों के विषय से अवगत करवाया। टीम सदस्य सुंदरपाल फौगाट, हरपाल आर्य और रविंद्र जाखड़ ने कहा कि आज भी जागरूकता के अभाव में बड़ी संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। उन्होंने छात्राओं से मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।





**भिवानी।** मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक करते स्वीप टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि



**तोशाम।** सरल केंद्र की जानकारी लेते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

# एसडीएम ने किया तोशाम में सरल केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

**निर्देश**

- लर्निंग लाइसेंस के आवेदन की प्रक्रिया, फीस जमा करवाने, लाइसेंस रिन्यू आदि प्रमाण .पत्र बनाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने सोमवार को उपमंडल परिसर में स्थित सरल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरल केंद्र में दी जाने वाली सेवाओं की प्रक्त्रियों का जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए।

एसडीएम ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने सरल केंद्र में विभिन्न योजनाओं के आवेदन वाले सभी डेस्कों का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सरल केंद्र के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस के आवेदन की प्रक्रिया, फीस जमा करवाने, लाइसेंस रिन्यू आदि प्रमाण.पत्र बनाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के आवेदनों की फीस निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ही जमा करवाई जानी चाहिए। ये कार्य निर्धारित समयावधि में किए जाएं ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने सरल केंद्र काउंटरों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यहां कार्य के लिए आने वालों को सभी जरूरी दस्तावेजों की जानकारी दी जाए ताकि बार.बार आवेदकों को सरल केंद्र के चक्कर न काटने पड़ें।

# आठ को मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव, निकाली जाएगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- आयोजन की तैयारी को लेकर राजकुमार बीडीपीओ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

महम रोड स्थित परशुराम भगवान मंदिर में आठ मई को श्रीपरशुराम भगवान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर राजकुमार बीडीपीओ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

### राजू नांगल को जिम्मेदारी

बैठक में सुरेश कोहाड़िया, श्याम सुंदर डूडीवाला, विजय खरकिया, सुनील शास्त्री, मुकेश प्रधान, हरीश हलवासिया, देव पाराशर, प्रदीप कुडल, सोनू बजीना, कमल शर्मा, प्रदीप पालुवास, प्रदीप धारेडू, राहुल पालवास, राजा कौशिक आदि गणमान्य ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन कर तारकेश्वर कौशिक ने कहा कि संत समाज के साथ 36 बिरादरी के समाजसेवियों समाज के स्थानीय नेताओं के अलावा सभी धर्मों का इस उत्सव में सम्मान किया जाएगा। सभा में सर्वसम्मति से राजू नांगल पूर्व सरपंच को आयोजन के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम प्रातः हवन के साथ शुभारंभ कर भंडारे के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, हल्का बादली विधायक कुलदीप वत्स, फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा, जितेंद्र गुरुग्राम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी अध्यक्ष सहित अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर मिलेगी एक्सग्रेशिया के तहत सहायता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- हिंसक घटनाओं बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख मिलेंगे

चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर पोलिंग व सुरक्षा कर्मियों के परिवारजन को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। ड्यूटी के दौरान हिंसक घटनाओं बम ब्लास्ट या आतंकवादी घटनाओं या गोलीबारी इत्यादि के कारण मृत्यु हो जाने पर परिवारजन को 30 लाख दिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव ड्यूटी के दौरान किसी कारण से मृत्यु हो जाने पर परिजनों को एक्सग्रेशिया के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। ड्यूटी पर किसी अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर 15 लाख रअसामाजिक तत्वों के हमले के कारण कर्मचारी के स्थायी दिव्यांगता होने पर परिवारजन को 15 लाख रुपए तथा शरीर के किसी अंग या आंखों की दृष्टि जाने की स्थिति में 7.5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता परिवारजनों को प्रदान की जाएगी। यह एक्सग्रेशिया राशि केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य सरकार या अन्य नियोक्ता द्वारा दी जाने वाले अनुकंपा राशि से अतिरिक्त होगी।

## शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में बनाया गया है सेल्फी केंद्र

# घुसकानी में मतदान सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान देकर उनसे देश के स्वर्णिम भविष्य की उम्मीद नहीं की जा सकती है। देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने के लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ.साथ सामाजिक ज्ञान भी दिया जाए।

जिसमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है विद्यार्थियों को मतदान की महत्ता बतानाए क्योंकि मतदान के माध्यम से ही हम एक सक्षम व योग्य उम्मीदवार चुन सकते है जो कि राष्ट्र की तरक्की में अहम कड़ी साबित होता है। विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला के गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के निर्देश एवं विद्यालय मुख्यधापक कृष्ण कुमार के आदेश पर मुकेश सांगवान के सहयोग से बीएलओ विनोद पिंकू पीटीआई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्त्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान की महत्ता बताई जा रही है। इसी कड़ी में अब विद्यालय में मतदाता सेल्फी प्वाईंट बनाया हुआ है,जो कि पूरे गांव में एक मुख्य आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। इस बारे में जानकारी देते हुए पीटीआई विनोद पिंकू ने बताया कि विद्यालय में स्थापित किया गया मतदाता सेल्फी प्वाईंट के माध्यम से ना केवल विद्यार्थियों, बल्कि ग्रामीणों को मतदान के महत्व से रूबरू करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सेल्फी प्वाईंग पर जाकर ग्रामीण सेल्फी ले रहे है तथा लोकतंत्र की मजबूती व सशक्त राष्ट्र निर्माण में मतदान की महत्ता को जान रहे है। पिंकू ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में ऐसा प्रावधान किया हैए जिसका उपयोग कर हम मतदान प्रक्त्रिया के माध्यम से ऐसा नेता चुन सकते है, जो सक्षम एवं योग्य हो तथा राष्ट्र निर्माण एवं तरक्की में अपनी भूमिका अदा कर सकता हो। ऐसे में हमें मतदान का प्रयोग कर राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को निभाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से मत प्रतिशत्ता बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि मत प्रतिशत्ता को शत.प्रतिशत कर हम लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकते है। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्टाफ द्वारा मतदान प्रतिशत्ता बढ़ाने को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में गांव की आंगनबाड़ी वर्करों का भी सहयोग लिया जा रहा है।





मातृ दिवस, 12 मई
विशेष

हरिभूमि सहेली
रोहतक,मंगलवार
7 मई 2024



अनुभूति

# जीवन की डगर पर मां की सीखें

बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार को माना जाता है। इस पाठशाला की प्रथम अध्यापिका मां होती है, जिसकी देख-रेख में बच्चे जीवन की वो सीखें लेते हैं, जो जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी हैं। यहां अपने-अपने क्षेत्र की तीन हस्तियां सहेली को बता रही हैं, इन्होंने अपनी मां से कौन-सी ऐसी बातें सीखीं, जो जीवन के लिए जरूरी सबक हैं।



## काम के साथ घर का ख्याल रखना मां से सीखा

**अपरा मेहता, अभिनेत्री**



**मेरी मां** मंदाकिनी मेहता सुशिक्षित और आधुनिक विचारों वाली महिला थीं। मैं उनकी इकलौती संतान हूं, फिर भी उन्होंने मुझे बहुत ही अनुशासन में रखा। अधिक लाड़-प्यार देकर उन्होंने मुझे बिगड़ने नहीं दिया। मेरी मां पढ़ाई के साथ स्कूल की हर एक्टिविटी में हमेशा मुझे सबसे आगे रखती थीं। मां खुद भी थिएटर ऑर्टिस्ट थीं, लेकिन शादी के बाद जब मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसकी देखभाल के लिए उन्होंने अपना काम छोड़ दिया, क्योंकि अभिनय के क्षेत्र में वह मुझे आगे बढ़ते देखना चाहती थीं। मेरे करियर के लिए उन्होंने अपना करियर दांव पर लगा दिया। बचपन में जब मां मेरे साथ सख्ती भरा व्यवहार करती थीं, मुझे बहुत बुरा लगता था, लेकिन अब समझ में आता है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह उनके कारण ही हूं। बचपन में मैं क्लास में हमेशा फर्स्ट आती थी, वह मेरी तारीफ नहीं करती थीं। उनका कहना था कि अपने बच्चे की प्रशंसा तो सभी करते हैं, असली उपलब्धि तो तब है, जब दूसरे लोग हमारे बच्चे की तारीफ करें। मेरी मां ने मेरी परवरिश इस तरह से की कि मैं एक नेक इंसान बनूं। जब मेरे पिता जी का निधन हो गया तो उसके बाद मैंने उन्हें हमेशा के लिए अपने पास बुला लिया ताकि मैं उनकी अच्छी तरह देखभाल कर सकूं। मेरी बेटी खुशाली को भी उन्होंने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं। मेरी मां बहुत अच्छी होममेकर थीं, घर को बहुत सजा-संवार कर रखती थीं। काम के साथ घर का ख्याल रखना मैंने उनसे ही सीखा है। मुझे याद है, जब भी मैं अनावश्यक शॉपिंग करती तो वो मुझे बहुत डांटती थीं। मुझे हमेशा सोच-समझकर खर्च करने के लिए प्रेरित करती थीं। दो साल पहले 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें याद करते हुए यही कहना चाहूंगी कि अपनी बेटी के लिए मैं भी वैसी ही मां बनने की कोशिश कर रही हूं, जैसी वह एक आदर्श मां थीं।

बच्चों के लिए मां सिर्फ एक शब्द नहीं, उनका अनोखा-प्यारा संसार है। मां की अंगुली पकड़कर बच्चे चलना-बोलना और जीवन जीने की कला सीखते हैं। मां अनुभूतियों का ऐसा समंदर है, जिसकी गहराई में बच्चे मानवीय मूल्यों से जुड़ते हैं, रिश्ते निभाना सीखते हैं। मां का ममत्व वो शीतल छांव है, जिसके तले आकर बच्चे तपते सूरज की तपिश भूल जाते हैं। मां के बिना जीवन अधूरा है। मां है तो जीवन रोशन है। मां की महिमा अपरंपार है।

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

# मां अनुभूतियों में रचा-बसा रिश्ता

**ह**र बच्चे के लिए स्नेह और सुकून की प्यारी छांव-सी होती है- मां। बच्चे के दुनिया में आने से पहले उसका मां से जुड़ जाने वाला रिश्ता सचमुच अनमोल होता है। मानवीय जीवन को पालने-पोसने की इस यात्रा में एक मां अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। यह रिश्ता मन की अनुभूतियों की बुनियाद पर टिका होता है। जीवन के हर पड़ाव पर मां का भरोसा बच्चों को थामे रखता है। जीवन मूल्यों को सीखने-सिखाने का यह सफर मन के बंधन का सबसे सुंदर रिश्ता है। दायित्व निर्वहन से जुड़ी मेहनत हो या भावनाओं को समझने का मामला, मां स्वयं एक उदाहरण बनकर बच्चों को जीवन के हर पहलू से जुड़ी सीख देती है।

### ममत्व के साथ जीवन की सीखें

मां के मन में रचा-बसा ममता का भाव, बच्चों का जीवन संवारता है। हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिलने वाली शिक्षा का कोई दूसरा पर्याय नहीं है। ममत्व की नमी के साथ अनुभवों को वास्तविकता का रंग देकर मां अपने बच्चों को भविष्य में हर परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार करती है। मातृत्व का भाव ही ऐसा है कि बच्चों की कमजोरियों को दुनिया से छुपाने वाली मां स्वयं बिन बताए उनकी हर कमजोरी को समझ जाती है। इसी समझ के बल पर बच्चों को भी स्नेह भरी समझाइश के साथ उनकी हर कमी से उनको बाहर निकाल लाती है। बच्चों के मन को जीवन के हर पड़ाव पर मजबूती देने का काम मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता। मां ही बच्चों को अपने परिवार, परिवेश से जुड़ना सिखाती है। कामयाबी की राह पर बढ़ने का बल देती है। मां,



तकलीफों से जूझना भी सिखाती है और सुकूनदायी लम्हो को जी भरकर जीना भी। परेशानियों के दौर में संभलने और आनंद के समय मुस्कुराने का पाठ तो मां बच्चे को दुनिया में आने से पहले ही सिखाने लगती है। मातृत्व की जिम्मेदारी से जुड़ा ममत्व का भाव बच्चों को मानवीय पीड़ा समझने का भी पाठ पढ़ाता है। तभी तो हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिली हर सीख आज भी समाज और परिवार को बांधने-साधने का माध्यम बनी हुई है।

### नेह की नमी का पोषण

मां के नेह की नमी बच्चों के जीवन की जड़ों को सींचती है। बात केवल शारीरिक-मानसिक देखभाल की नहीं, मां का साथ मनोभावों के मोर्चे पर भी बालमन को थामने का काम करता है। उम्र भर मां का यही स्नेह जीवन की जद्दोजहद में आत्मबल जुटा लेने का हौसला देता है। उलझे हालातों की कड़ी धूप में मां के स्नेह का भाव शीतल छाया के समान लगता है। जीवन के कठिन से कठिन दौर में भी अपने बच्चों का साथ ना छोड़ने वाली मां का मन बदलते समय के साथ भी नहीं बदला है। तकनीक की दस्तक और काम-काजी भाग-दौड़ के बावजूद बच्चों पर स्नेह लुटाने की उसकी सोच आज भी कायम है। हमारे सामाजिक परिवेश में तो अपने हर सपने को छोड़ बच्चों का जीवन संवारने के लिए, जिंदगी दांव पर लगा देने वाली मांएं भी कम नहीं हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव तक भी मां का मन खुद माता-पिता बन चुके अपने बच्चों के लिए चिंतित रहता है। उसके प्यारे रिश्ते के नेह की नमी कभी नहीं सूखती।

### अनुभूतियों का पुल

मां और बच्चों को अनुभूतियों का एक साझा पुल जोड़कर रखता है। तभी तो मां बच्चों की चुप्पी को ही नहीं, आक्रोश को भी समझ जाती है। प्रेम-स्नेह को ही नहीं, शिकायतों को भी मन से स्वीकारती है। मार्क ट्वेन ने कहा है, 'मां के बिना जीवन अधूरा होता है।' सच ही है, क्योंकि बच्चों की खुशी और पीड़ा दोनों में साथ देने वाली मां ही होती है। कही-अनकही हर बात को समझने वाला दिल बस मां के पास ही होता है। बच्चों की खुशी में भी मां की आंखों से आंसू बह निकलते हैं। उपलब्धियों और सफलता के दौर में भी सधकर चलने और शौर्य पर बने रहने का आशीष मां का मन ही दे सकता है। बिना किसी शर्त के समर्पण और स्नेह भरी अनुभूतियों के लिए मातृत्व का संसार पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस जुड़ाव को सींचता आ रहा है। आज भी पीड़ा में सबसे पहले मुंह से मां शब्द ही निकलता है। भय से जूझते हुए मां के प्यारे स्पर्श और कड़कती धूप में सिर पर डाल देने वाले आंचल की ही याद आती है। सफलता हो या अफसलता, हर पड़ाव पर छोटी-छोटी सीख देकर जीवन को दिशा देने वाली मां का ख्याल आ ही जाता है। कितनी ही भूमिकाएं निभाती मां हर पल मन-जीवन में अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। इसीलिए कहा भी गया है कि मां, वह है, जो अन्य सभी की जगह ले सकती है, लेकिन एक मां की जगह कोई और नहीं ले सकता।

## मां से मिली सेवा भावना

**ममता कालिया, साहित्यकार**



**अपनी मां** से मेरा रिश्ता पारंपरिक ढर्रे से कुछ अलग हटकर था। इसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि उनका विवाह कम उम्र में ही हो गया था। उनकी शादी के बाद जल्द ही हम दोनों बहनों का जन्म हुआ। दो बेटियों के जन्म के बाद रिश्तेदार उन्हें देखकर उनके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करने लगे कि इस बेचारी की दो बेटियां हैं, इन बातों से मेरी मां अकसर उदास रहती थीं। मेरी बड़ी बहन बहुत सुंदर थी, जबकि मेरी शक्ल, सूरत बेहद मामूली थी। शायद इसी वजह से मां मेरे प्रति थोड़ी अनमनी-सी रहती थीं। इसके अलावा मेरी रुचि पढ़ने-लिखने में ज्यादा थी, घर के काम-काज में मैं उनका जरा भी हाथ नहीं बंटाती थी। इस मामले में पिताजी भी मेरा साथ देते थे। इसी वजह से बचपन में मां के साथ मेरे रिश्ते में प्रगाढ़ आत्मीयता नहीं थी, लेकिन जब मेरी बहन ने अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया, उसके बाद मां बहुत बीमार रहने लगीं। तब उनके साथ वक्त बिताने की वजह से उनसे मेरा भावनात्मक बंधन मजबूत हुआ। पिताजी आकाशवाणी में निदेशक थे, घर में भौतिक सुख-सुविधाओं की कमी नहीं थी, लेकिन घर में मां को पिता के साथ बराबरी का जीवन जीने का अवसर नहीं मिला, इससे उनका व्यक्तित्व थोड़ा दब-सा गया था। लेकिन उनमें सेवा की भावना बहुत ज्यादा थी, दूसरों की मदद करना मैंने उनसे ही सीखा है। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, पर मदर्स-डे के अवसर पर मैं उनसे यही कहना चाहूंगी कि मां आज मुझे देखकर तुम बहुत खुश होती, अब मैं तुम्हारी आज्ञाकारी बेटी बन गई हूं। तुम्हारी ही तरह मैं भी अपना घर सुव्यवस्थित रखती हूं।

## मां ने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया

**इरा टाक, लेखिका-फिल्म निर्मात्री**



**मेरी मां** कॉलेज में प्राध्यापिका थीं। वह बहुत ज्यादा पढ़ती थीं, भाषा के प्रति वह बहुत सचेत रहती थीं। पढ़ने-लिखने और भाषा के प्रति अच्छी समझ रखने का संस्कार मुझे अपनी मां से ही मिला है। मेरे पिताजी की पोस्टिंग दूसरे शहर में थी, वह ज्यादातर वहीं रहते थे। ऐसे में मां ही अकेले पूरे घर को बहुत अच्छी तरह संभालती थीं। उन्होंने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया। दस-बारह साल की उम्र में उन्होंने मुझे खाना बनाना सीखा दिया था। मैंने अपने कपड़े धोने सीखे, प्रेस करना सीखा। दूसरे भी वो काम करने लगी थी, जो बड़े करते हैं। बचपन में मैं अपनी पॉकेटमनी से पैसे बचाकर हर साल मदर्स-डे के अवसर पर उनके लिए गिफ्ट खरीद कर जरूर लाती थी। मुझे याद है, रात को सोने से पहले वह अकसर मुझे कहानियां सुनाती थीं। इन कहानियों जो सीख मिलती थी, उसको भी वह बताती थीं। मां की सुनाई कहानियों से मैंने जीवन के कई सबक सीखे। अच्छे-बुरे के बारे में जाना। किताबें पढ़ने की अच्छी आदत मुझे उनसे ही मिली है। ये किताबें ही होती हैं, जो हमारा मार्गदर्शन करती हैं, हमें मोटिवेट करती हैं। अपनी मां से मैंने जीवन में अनुशासन का सबक सीखा है। उन्हीं की वजह से ही मैं आज भी अनुशासित दिनचर्या अपनाती हूं। 2015 में मेरी मां का स्वर्गवास हो गया। आज जब भी मेरी कोई नई किताब आती है या मुझे कोई पुरस्कार मिलता है तो मुझे मां की बहुत याद आती है। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्हीं के बताए रास्ते पर चलने के कारण आज मैं जीवन में कामयाब हूं, खुश हूं। मैं सहेली की पाठिकाओं से यही कहूंगी, अपनी मां की सीखों को हमेशा अपने दिमाग में रखें, क्योंकि उन सीखों में जीवन को सही ढंग से जीने की कला छुपी होती है। ये सीखें आगे बढ़ने की राह बनाएंगी, जीवन को सुखी रखेंगी।

प्रस्तुति : विनीता

सलाह / मनीषा

# हर दिन हो मां के लिए खास...

**ह**म साल में सिर्फ एक दिन मदर्स-डे मनाकर अपनी मां के प्रति प्रेम-स्नेह और कृतज्ञता के भाव प्रकट करके इतिश्री मान लेते हैं, जबकि हमारी मांएं हमारे लिए जितना कुछ करती हैं, उनके लिए यह एक दिन का शुक्राना बहुत कम है। सच तो यह है, हमें लगता है कि घर के काम करना, हमारा खयाल रखना तो मां की आदत है। जबकि हमें भी उनकी जरूरतों और भावनाओं का खयाल रखना चाहिए। इसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**घरेलू कार्यों में सहयोग दें :** हमारी मांएं सुबह से लेकर शाम तक घर के कामों में लगी रहती हैं, उन्हें आराम करने का समय नहीं मिलता, जबकि उनके स्वास्थ्य के लिए आराम जरूरी है। वह आराम तभी कर आएंगी जब उनके काम का बोझ कम होगा। उनका यह बोझ तभी कम होगा, जब हम घर के कामों में उनका हाथ बंटाएंगे। हम रोजमर्रा के घरेलू कार्यों जैसे किचेन में सब्जी काटकर, रोटियां बेलकर, डाइनिंग टेबल पर खाना सर्व करके घर की सफाई में मदद करके उनके कामों को हल्का कर सकते हैं। हमारी इस मदद से उन्हें आराम मिलेगा।



**मां के लिए समय निकालें:** चाहे आप कितनी ही व्यस्त क्यों ना रहती हों, आप रोजाना अपनी मां से बातें करने के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान उनकी सुनें, उनका हाल जानें। अगर सेहत से संबंधी कोई परेशानी हो तो उन्हें डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इससे उन्हें लगेगा उनका कोई ख्याल रखने वाला है।

**शौक पूरा करने के लिए प्रेरित करें:** हमारी परवरिश और घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभाने के चक्कर में हमारी मांओं के पास अपने लिए कोई समय नहीं बचता, इस कारण उनके कुछ शौक, ख्वाहिशें पूरी नहीं हो पातीं। लेकिन अब आप उनकी हॉबीज जानें। इसे पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इस तरह जब आप अपनी मां का खयाल रखेंगी तो हर दिन मां के लिए खास होगा।

डाइट सजेशन

**डॉ. शालिनी सिंघल, डाइटिशियन, दिल्ली**

आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मां हमेशा हेल्दी-एनर्जेटिक रहें, ओल्ड एज में होने वाली हेल्थ प्रॉब्लम्स से बची रहें। इसके लिए आपको उनके हेल्थ की प्रॉपर केयर के साथ ही उनकी डाइट का भी ध्यान रखना होगा।

# तब आपकी मां रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

**प**चास की उम्र के बाद होने वाले शारीरिक-मानसिक बदलावों का असर सभी महिलाओं पर पड़ता है। इस एज में वे मेनोपॉज की स्थिति से गुजर रही होती हैं या गुजर चुकी होती हैं। इस उम्र में शरीर का मेटाबॉलिक रेट कम होने से इम्यून सिस्टम कमजोर, बोन डेंसिटी कम और मसल्स लॉस होने लगते हैं। इन वजहों से वे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ऑस्टियोपोरोसिस, इनसोम्निया, एंग्जाइटी, डिप्रेशन जैसी कई बीमारियों की गिरफ्त में आ सकती हैं। ऐसा आपकी मां के साथ ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी मां का पूरा खयाल रखें।

**न्यूट्रिशस डाइट है जरूरी:** अपनी मां को ऐसी डाइट दें, जिनमें सभी मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स) शामिल हों। इसके लिए उनके हर मील में सभी फूड ग्रुप्स होने चाहिए। कहने का मतलब है कि उनकी डेली डाइट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), बोंस को स्ट्रॉन्ग बनाने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिंस, मिनरल्स) फूड्स जरूर शामिल करने चाहिए।

**इम्यूनिटी बूस्टर फूड्स:** ओल्ड एज में इम्यून सिस्टम कमजोर होने से न्यूट्रिशन संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं। इसलिए मां की डाइट में फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स को शमिल करके उनको हेल्दी बनाए रख सकते हैं। इसके लिए आपको हल्दी, जीरा, तुलसी के पत्ते, दालचीनी, अदरक, लहसुन जैसे इम्यूनिटी बूस्टिंग फूड्स किसी न किसी रूप में अपनी मां को जरूर देना चाहिए।

**फाइबर रिच आइटम्स:** बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं का डाइजेस्टिव सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। ऐसे में उन्हें फाइबर रिच फूड्स जैसे- चोकरयुक्त आटा, साबुत दालें, साबुत अनाज देने से उनको डाइजेशन संबंधी परेशानियां नहीं होंगी।



**ग्रीन वेजिटेबल्स:** हरी सब्जियां (खासकर पत्तेदार सब्जियां) कैलोरी में कम लेकिन विटामिन बी, ए, के, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ये हड्डियों को मजबूती देने के साथ ओवरऑल हेल्थ बनाए रखने में भी मदद करती हैं। इसलिए आप अपनी मां को डेली कम से कम दो छोटी कटोरी सब्जियां जरूर खिलाएं। सलाद खाना सेहतमंद होता है। लेकिन अगर आपकी मां के दांत कमजोर हो रहे हैं, तो उन्हें कच्ची सब्जियां या सलाद कद्दूकस करके या बारीक कटी ही खाने के लिए दें ताकि उन्हें चबाने में या पाचन संबंधी दिक्कत न हो।

**प्रोटीन रिच फूड्स:** ओल्ड एज में होने वाले मसल्स लॉस से बचाने के लिए अपनी मां की डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे- दालें, सोयाबीन, मूंगफली, अंडे, लो-फैट गाय का दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स आदि ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए।

**कैल्शियम-विटामिन डी:** बोन डेंसिटी कम होने या ऑस्टियोपोरोसिस से बचाने के लिए मां की डाइट में कैल्शियम और विटामिन डी भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। कैल्शियम के लिए लो फैट दूध और दूध से बने पदार्थ, सोयाबीन और उससे बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, सफेद तिल, सीड्स, रागी का आटा जैसे फोर्टिफाइड अनाज ले सकती हैं। विटामिन डी के लिए मशरूम, साल्मन मछली, अंडे, कॉडलिवर ऑयल लेना जरूरी है।

**हेल्दी फैट:** मां की डेली डाइट में हेल्दी फैट भी होना चाहिए। इसके लिए उन्हें सीमित मात्रा में देसी घी दे सकती हैं। इसके अलावा फूड के रूप में 3 टीस्पून या 15 मिली. हेल्दी ऑयल भी दे सकती हैं। इसके उनके बोंस स्ट्रॉन्ग रहेंगे और ज्वाइंट्स में ग्रीस भी बनी रहेगी।

**पानी-लिक्विड डाइट:** ओल्ड एज में स्किन प्रॉब्लम्स और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए मां को रोजाना पर्याप्त मात्रा में यानी 8 से 10 गिलास पानी पीने के लिए कहना चाहिए। आप चाहें तो उनको नीबू-पानी, नारियल पानी, लस्सी, मट्ठा, वेजिटेबल सूप, फ्रूट जूस जैसे लिक्विड डाइट भी दे सकती हैं।

**नमक-चीनी की मात्रा:** मां की डाइट में नमक और चीनी संतुलित मात्रा में होने चाहिए। खाने में चीनी या नमक ऊपर से डालकर नहीं खाने देना चाहिए। ज्यादा नमक से ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और ज्यादा चीनी से मोटापा, डायबिटीज होने का रिस्क बढ़ता है। डब्ल्यूएचओ भी एक वयस्क व्यक्ति को रोजाना 5 ग्राम से कम आयोडाइज्ड नमक और 15-20 ग्राम तक चीनी लेने की सलाह देता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

बात अपनी

**यासमीन सिद्दीकी**

मां को हर वक्त अपने घर-परिवार और बच्चों की इतनी ज्यादा चिंता रहती है कि उसे अपने लिए कुछ सोचने, कुछ करने की सुधि ही नहीं रहती। यह तो अपने आपको खत्म करना है। क्या मां की खुशी कोई मायने नहीं रखती, उसका कोई वजूद नहीं है...? मां के लिए एक कोशिश।

# मां तुम्हारी भी हैं कुछ खुशियां तुम्हारा भी है एक वजूद...

**ब**चपन से मैं तुम्हें देख रही हूं मां, तुम ना कभी थकती हो, ना रुकती हो। तुम रोज सबसे बाद में सोती हो और सबसे पहले उठ जाती हो। थकान और ना जैसे शब्द तुम्हारी शब्दावली में नहीं हैं। इस मदर्स-डे पर मां मैं तुमसे अपने मन की बातें कहना चाहूंगी। सदियों से समाज तुम्हें मां बनाकर महानता का दर्जा देता आया है। सुनो मेरी मां, अब इस महानता का चोला उतारकर, अपनी ख्वाहिशों की ओढ़नी ओढ़ लो। मत कसो अपने आपको समाज की कसौटी पर।

**मां होने का अर्थ:** मां आपसे अपनी बातें कहने से पहले मैं अपने जैसे लोगों से कुछ कहना चाहूंगी। मां शब्द जब भी हमारे जेहन में आता है। हम एक ऐसी महिला की कल्पना करते हैं, जो अपने बच्चों को मुसीबत से बचाने के लिए कभी शेरनी बन जाती है तो कभी अपने अस्वस्थ बच्चों के लिए हकीम बन जाती है। अकसर अपने बच्चों में अपनी दुनिया को देखने वाली हमारी मांओं की अपनी दुनिया कहीं खो जाती है। लेकिन अगर हम कोशिश करें तो अपनी मां को वो सहज जिंदगी दे सकते हैं, जिसकी वो अधिकारी है। तो चलिए इस मदर्स-डे पर हम अपनी मां से कहें -

**बोलो कि थक गई हो:** हम बहुत आसानी से कह देते हैं कि मां को मैंने कभी थकते हुए नहीं देखा। मेरी मां बिना रुके काम करती है। अगर मैं उससे आधी रात में कुछ बनाकर खाने को देने के लिए कहूंगी तो बनाएगी। लेकिन मां तुम स्वयं को अभिव्यक्त करना सीख लो। थकने का अधिकार तुमको भी उतना है, जितना हमें है। बस हम कह देते हैं और तुम नहीं कह पाती, अपने दर्द को सहती हो। मां अब मत सहो, हम तुम्हारे बच्चे हैं, हमसे काम करवाओ।



हम नहीं करें तो हमें डांटो, लेकिन हर काम की जिम्मेदारी लेकर खुद को और मत थकाओ मां।

**ना कहना सीखो:** मां तुम जानती हो कि तुम्हें हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत क्यों हो गई? ऐसा इसलिए क्योंकि तुम किसी काम के लिए ना ही नहीं कह पाती। तुमको बुरा भी लगता है, तकलीफ भी होती है, लेकिन तुम सहती हो। बेटी हूं आपकी, सब समझती हूं। बहुत जरूरी है, ना कहना भी सीखो, मां।

**पापा की साथी भी हो:** हां जब हम छोटे थे, तब स्वाभाविक था कि हम पर तुम्हें ज्यादा ध्यान देना होता था, लेकिन अब हम बड़े हो चुके हैं मां। इस घर में एक और रिश्ता है, आपका और पापा का। आप दोनों एक-दूसरे को समय दें। हम भी तो अपने दोस्तों के साथ अकेले घूमने जाते हैं तो आप दोनों भी कभी डिनर डेट पर जाओ। क्यों हमेशा हमारे साथ ही आउटिंग पर निकलती हो। सच कहें कि आप और पापा एक-दूसरे को समय देंगे तो हमें भी खुशी होगी।

**मां तुम्हारी सहेलियां कहां हैं:** मां अकसर आप अपनी सहेलियों का जिक्र करती हैं। लेकिन कभी उन दोस्तों के साथ मिलने का प्लान भी बनाइए। हां, अब आप कहेंगी कि नाते-रिश्तेदार निपट जाएं, वही बहुत है। लेकिन मां जिस तरह से आप इतने बड़े परिवार को संभालती आई हैं, कोशिश करेंगी तो आप अपनी पुरानी जिंदगी को फिर से सजा लेंगी।

**एक दिन आपकी पसंद का:** मां घर में खाना बनता ही वो है, जो हमें पसंद है। लेकिन जब भी आपसे पूछो कि मां आपको क्या पसंद है तो जवाब मिलता है 'अरे मेरा क्या है? मैं तो सभी कुछ खा लूंगी।' नहीं मां, एक दिन अपनी पसंद का खाना हमसे बनाने को कहो, हम बड़े प्यार से बनाएंगे। हमें भी पता चले कि हमारी मां की पसंद-नापसंद क्या है?

**मुश्किल नहीं है बदलाव:** आपको लग रहा होगा कि यह सब किताबी बातें हैं। ऐसा हो नहीं सकता, लेकिन मां सच है कि समाज में इस बदलाव को लाना इतना मुश्किल भी नहीं है। बदलाव धीरे ही सही, लेकिन आते जरूर हैं। हैप्पी मदर्स-डे मां!

## खबर संक्षेप



भिवानी। नशा से दूर रहने का संकल्प दिलवाते प्राचार्य। फोटो: हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में बीए की दीपिका प्रथम

**बाढ़ड़ा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बीए द्वितीय वर्ष की दीपिका प्रथम व प्रिया द्वितीय स्थान पर रही। प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व ड्रग्स प्रिवेंशन के नोडल अधिकारी डॉ. गुणपाल सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के तहत हुई भाषण प्रतियोगिता में अनेक छात्राओं ने भाग लिया।

### जूनियर विंग कैडेंटस की हुई चयन प्रक्रिया

**चरखी दादरी।** कस्बा बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कर्नल रणधीर सिंह के नेतृत्व में 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन भिवानी आर्मी विंग जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग कैंडेट्स कि चयन प्रक्रिया की गई। इसमें करीब 110 छात्रों ने भाग लिया जिसमें से 45 छात्रों का एनसीसी जूनियर विंग के लिए चयन हुआ। नायब सूबेदार हरपाल सिंह व हवलदार उमरदीन खान के द्वारा सभी छात्रों का शारीरिक व मानसिक दक्षता का परीक्षण किया गया।



मंडी आदमपुर। आदमपुर भाजपा कार्यालय में अपनी समस्या से अवगत करवाते क्षेत्रवासी। फोटो: हरिभूमि

### पेयजल सप्लाई में आ रहा सीवरेज का गंदा पानी

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर में पिछले दिनों से पेयजल सप्लाई के साथ सीवरेज का गंदा पानी मिक्स होकर आ रहा है। इसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। परेशान रविदास नगर निवासी सोमवार को हाथों में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सप्लाई की जा रहे गंदे पानी की बोतलें भरकर भाजपा कार्यालय पहुंचे। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने वहां मौजूद भाजपा नेताओं के सामने जमकर अपनी भड़ास निकाली। क्षेत्रवासी घीसाराम, पुरुषोत्तम, रामस्वरूप, प्रेम कुमार, जगदीश, संतोष, विमल, बनारसी, लाडो, मीरा देवी एवं लाइनपार से पिंकी, रेखा, ममता, संतोष, सुमित्रा आदि रहे।

### अक्षय तृतीया को लेकर शुभ मुहूर्त पर प्रशासन अलर्ट

**हिसार।** अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को विवाह के तौर पर बड़ा मुहूर्त है। इस शुभ मुहूर्त पर सामुदायिक तथा एकल विवाह समारोह आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर बाल विवाह होने की संभावनाओं को इनकार नहीं किया जा सकता। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार बाल विवाह करना कानूनन अपराध है। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले विवाह समारोहों के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए विवाह करवाने वाले पुजारी, गांव के सरंपचों को दिए जरूरी निर्देश।

### मतदान फीसदी बढ़ाने में मिलेगी मदद : महलोत्रा

**हिसार।** जिला निर्वाचन कार्यालय के अंतर्गत सोमवार कोराजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जहाजपुल स्कूल में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला संयोजक समग्र शिक्षा विभाग हिसार प्रवीण महलोत्रा रहे जबकि अध्यक्षता खंड संयोजक विजय शर्मा ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सतेंद्र नेहरा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में हिसार, अग्रोहा, आदमपुर, उकलाना, बरवाला व हांसी सहित 9 खंडों की टीम ने भाग लिया।

---

## बढ़ते प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग से निपटने को पेड़-पौधें ही सबसे कारगर

# पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर मनाई शादी की सालगिरह व जन्मदिन

### बिगड़ते पर्यावरण को संतुलित नहीं किया तो आने वाले समय में धरती पर दिखेगा नर्क: केके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

भौतिकवाद युग के कारण पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है, इससे जल एवं जंगल का दोहन भी हुआ है, जिससे पर्यावरण असंतुलन एवं रोजाना नई बीमारियां जन्म ले रही है, ऐसे में हमें जन्मदिन या शादी की सालगिरह सहित विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेना होगा, ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए प्रमुख समाजसेवी परमानंद सैनी के पुत्र डॉ. जितेंद्र एमएस व पुत्रवधु डॉ. सौम्या एमडी ने शादी की सालगिरह व सौम्या के जन्मदिन पर हुडा पार्क के समक्ष ग्रीन बेल्ट में त्रिवेणी रोपित कर व आदर्श नगर में पक्षियों के लिए केके वर्मा द्वारा निर्मित एवं भेंट किया गया पक्षियों के लिए दाना-पानी की टीन लगाया, ताकि चिलचिलाती गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सकें। इस दौरान दंपत्ति ने आश्वासन दिया कि वे रोपित की गई त्रिवेणी का पेड़ बनने तक संरक्षण करेंगे। इसके साथ-साथ पूरी गर्मियों में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखेंगे। भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा ने कहा कि धरती पर निवास करने वाले प्रत्येक जीव के लिए पौधे जीवनदायी महत्व रखते हैं। बढ़ते प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पेड़-पौधे ही सबसे मजबूत ढाल हैं, ऐसे में सैनी दंपति से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह कम से कम एक पौधा जरूर रोपित करें और दूसरों को भी पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करें।



भिवानी। त्रिवेणी रोपित करते डॉ. जितेंद्र व डॉ. सौम्या। फोटो: हरिभूमि

### खुशी के मौकों को पौधरोपण करके मनाएं

उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन यू ही बिगड़ता रहा तो बिना हरियाली धरती पर प्रदूषण का बोलबाला हो जाएगा तथा आने वाले समय में नर्क पृथ्वी पर दिखाई देने लगेगा, इसीलिए हम सभी को अपना जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य खुशी के मौकों को पौधरोपण करके मनाना चाहिए। इस मौके पर सैनी परिवार के साथ बाल सेवा आश्रम के प्रबंधक वेदप्रिय आर्य, महेंद्र, अनिल, रामोवतार शेखावत, लोकेश स्टैंड विद नेचर, नीरज व रोहित आदि मौजूद रहे।

## स्वर्गीय राममूर्ति की स्मृति में रोपित की त्रिवेणी



भिवानी। चौधरी बंसीलाल पार्क में स्वर्गीय राममूर्ति की स्मृति में त्रिवेणी रोपित करते परिजन व बाबा। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- हर वर्ष पुण्यतिथि पर त्रिवेणी लगाने का संकल्प लिया

मृत्यु भोज एक सामाजिक कुरीति है, इसकी बजाय लोगों को अपने परिजनों की स्मृति में पौधरोपण करना चाहिए। अपनों की याद में लगाया हुआ पौधा भविष्य में वृक्ष बनकर कई पीढ़ियों को प्राणदायिनी ऑक्सीजन देकर उनकी याद दिलाता रहेगा, इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने बुजुर्गो व प्रियजनों की याद में कम से कम एक त्रिवेणी अवश्य रोपित करनी चाहिए। ये बात त्रिवेणी बाबा ने चौधरी बंसीलाल पार्क में स्वर्गीय राममूर्ति की स्मृति में त्रिवेणी रोपित करने के उपरांत कही।

इस मौके पर राममूर्ति के पौत्र प्रेम माली, संजीव, सुरजीत ने अपनी दादी की याद को चिरस्थायी बनाने के लिए हर पुण्यतिथि पर त्रिवेणी लगाने का संकल्प लिया।

## शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोहारी जाटू के राजकीय वमावि के विद्यार्थियों को संस्था ने बांटी स्टेशनरी



बवानीखेड़ा। गांव लोहारी जाटू के सेठ हरनाम दास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हमारा अपना फाउंडेशन के नेतृत्व में कार्यक्रम में स्टेशनरी एवं जूते वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**बवानीखेड़ा।** गांव लोहारी जाटू के सेठ हरनाम दास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हमारा अपना फाउंडेशन के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था संस्थापक सचिन जैन वर्धमान ज्वैलर्स तथा उनकी सहयोगी टीम की अध्यक्षता में विद्यालय के विद्यार्थियों को स्टेशनरी व जूते वितरित किए गए व वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्याअतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि इस विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका अदा करते हैं इसलिए भविष्य में भी ऐसे ही रणनीति बनाकर इतिहास रचना है।

## मित्र मिलन समारोह के लिए समिति का किया गठन



**चरखी दादरी।** दादरी में 12 मई को होने वाले मित्र मिलन समारोह के लिए टीम सुनील डूडीवाला की तरफ से मित्र मंडल कमेटी का गठन किया, जिसमें विभिन्न संस्थाओं व सामाजिक व्यक्तियों ने कमेटी का गठन किया, जो बुधवार से डोर टू डोर कर निमंत्रण देगी। कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया एवं 12 मई को होने वाले मित्र मिलन समारोह में सुनील डूडीवाला की ओर से दिए गए निर्देश अनुसार कार्य प्रणाली पर विचार विमर्श किया। मित्र मिलन समारोह को ध्यान में रखते हुए समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी लगाई। इस मौके पर देवकीनंदन भारद्वाज, नरेंद्र जैन, संजय, रिंकू जैन, विनोद कायत, धीरज गोदारा, शिवकुमार जिंदल, सोनू डूडीवाला, विपिन जैन, गुलशन वत्स, प्रमोद शर्मा, प्रवीण गोयल, मनीष, मुकेश एरन, सुनील, अक्षय महराणा, बल्लू आदि उपस्थित रहे।

## सर्कल में आंगनवाड़ी वर्कर की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत ईशरवाल सर्कल में आंगनवाड़ी वर्कर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने की शपथ ली गई। विभाग से सुपरवाइजर पंकज शर्मा ने कहा कि 10 मई को अक्षय तृतीया है। इस दिन बाल विवाह अधिक संख्या में होते हैं जोकि एक दंडनीय अपराध है। इस प्रकार की शादी गैर कानूनी और अमान्य मानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है, या करने में उसकी किसी भी प्रकार से सहायता करता है, उसे दो साल तक की कैद या 1 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने आंगनवाड़ी वर्कर का आहवान किया कि बाल विवाह की सूचना तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को दें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों की टीम गठित की गई है, जो जिले में अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने के लिए सक्रिय रहेगी। पंकज शर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया के पवित्र दिन अनेक धार्मिक.सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## राजकीय महिला महाविद्यालय व विजडम आफ माइंड इंस्टिट्यूट में हुआ समझौता

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों को उस समय सफलता मिली जब राजकीय महिला महाविद्यालय और 'विजडम ऑफ माइंड इंस्टिट्यूट ऑफ माइंडफूलनेस एंड बिहेवियर स्टडीज' के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने सोमवार को बताया कि महाविद्यालय का मनोविज्ञान विभाग छात्राओं के संवैधानिक व व्यावहारिक ज्ञान के लिए लगातार तत्पर है। छात्राएं मनोविज्ञान की बारीकियों को ज्यादा से ज्यादा समझकर उसका उपयोग अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में कर सकें, इसके लिए महाविद्यालय लगातार विशेषज्ञों की सहायता लेता रहता है। इसी कड़ी में 'विजडम ऑफ माइंड इंस्टीट्यूट ऑफ माइंडफूलनेस एंड बिहेवियर स्टडीज' हिसार के साथ महाविद्यालय द्वारा समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है।

## 45 का एनसीसी जूनियर विंग के लिए चयन

- आदर्श स्कूल में छात्रों की कामयाबी से जश्न का माहौल
- चयनित छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

कस्बा बौंदकलां स्तिथ आदर्श वमा विद्यालय में सोमवार को कर्नल रणधीर सिंह के नेतृत्व में 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन आर्मी विंग जूनियर डिविजन और जूनियर विंग कैडेट्स कि चयन प्रक्रिया की गई। इसमें करीब 110 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें 45 छात्रों का एनसीसी जूनियर विंग के लिए चयन हुआ।नायब सुबेदार हरपाल सिंह व हवलदार उमरदीन खान के द्वारा सभी छात्रों का शारीरिक व मानसिक दक्षता का परीक्षण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रताप सिंह यादव, विद्यालय के प्राचार्य कृष्णदत्त यादव ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनसीसी इंचार्ज सेकंड ऑफिसर कंवरसिंह यादव ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चयनित हुए एनसीसी कैडेट्स को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, एनएसएस अधिकारी जयप्रकाश यादव, डीपीई रोबिन सिंह, कर्मजीत मलिक, रामनिवास, मुकेश कौशिक, लोकेश जांगड़ा रहे।



चरखीदादरी। एनसीसी जूनियर विंग के लिए चयनित बच्चे। फोटो: हरिभूमि

## हाईकोर्ट की मुहिम को तोशाम बार एसोसिएशन ने दिया समर्थन

**तोशाम।** हरियाणा की अपनी अलग राजधानी व अपना अलग हाईकोर्ट की मुहीम को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को बार एसोसिएशन तोशाम के मीटिंग हाल में अभियान को बार एसोसिएशन तोशाम ने पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया। इस विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंची अभियान की संयोजक बिमला चौधरी ने इस मुद्दे पर तोशाम बार एसोसिएशन को चलाए जा रहे अभियान मे शामिल होने का समर्थन माँगा, जिस पर एसोसिएशन ने इस अभियान का पूर्ण रूप से समर्थन करने का निर्णय लिया। बिमला चौधरी ने कहा कि हरियाणा कि अधिकतर बार एसोसिएश ने इस अभियान का समर्थन कर चुकी हैं।

## विद्यार्थियों को बताई मतदान करने की अहमियत

- लोकतंत्र की मजबूती में मतदान का बहुत अधिक महत्व: पुष्पा
- मतदान से मनचाहा प्रतिनिधि चुनना ही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती:

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप एवं हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने सोमवार को महावीर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों व अध्यापकों को जागरूक किया। चंद्रशेखर आजाद ओपन गुरप के गुरप लीडर सागर ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को वोट का महत्व बताया। इसके अलावा उन्हें वोट के महत्व से अपने परिजनों व आस-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में मतदान का बहुत अधिक महत्व है। मतदान के माध्यम से हम ना केवल लोकतंत्र का मजबूत बना सकत है, बल्कि राष्ट्र की तरक्की भी सुनिश्चित कर सकते है। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या पुष्पा देवी ने बच्चों को मतदान के लिए शपथ दिलवाई और सह आयोजक मनोज एवं सीनियर रोवर नितेश ने अध्यापकों एवं बच्चों को निष्पक्ष मतदान करने के फायदे बताएं। इस मौके पर स्कूल से मैनेजर लक्ष्मण, कंप्यूटर ऑपरेटर राम, राजबाला, सुनीता, सुमन, शालू, अंशु, महिमा, अंजलि सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।




भिवानी। विद्यार्थियों को मतदान करवाने को जागरुकता फैलाना का शपथ दिलवाती प्राचार्या पुष्पा देवी। फोटो: हरिभूमि

### मतदान करना जरूरी

प्राचार्या ने कहा कि मतदान करना बहुत जरूरी है, मतदान से ही हम अच्छा प्रतिनिधि चुनते हैं तथा यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है, इसलिए प्रत्येक मतदाता को मतदान में जरूर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर ग्रुरप लीडर सागर ने बताया कि 6 से 21 मई तक जागरूकता अभियान स्कूल, गांव व शहर स्तर पर चलेगा, जिसमें जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## प्रतियोगिता में छाए सनराइज के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

3 मई और 4 मई को भिवानी में मुआ.थायी एसोसिएशन दवारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बवानी खेड़ा के सनराइज स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी अपना अहम स्थान बनाया। विद्यालय कोच सुभम शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने कूच किया और जिले की अगुवाई की। जानकारी देते हुए प्राचार्य ललित शर्मा ने बताया कि बवानी खेड़ा सनराइज स्कूल के 10 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक अपना नाम किया। पदक विजेताओं में स्वर्ण पदक विजेता शुभम एवं देवेंदर, रजत पदक विजेता अंजू कुमारी, हिमांशु, अनूप और कंस्य पदक विजेता सचिन, यशपाल, सचिन कुमार शिामल रहे। सोमवार को स्कूल के प्रांगण में विजेताओं को प्रधानाचार्य ललित शर्मा एवं निर्देशक अशोक सहारण और सचिव अशोक मान एवं शिक्षकगण दवारा विजेता छात्रों को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चे खेल जगत में अपना और स्कूल का नाम रोशन करते हैं, इसलिए हमारे स्कूल में भी समय सीमा में पढ़ाई के साथ.साथ खेल एवं अन्य गतिविधियां करवाती जाती हैं, जिस से बच्चों का सवांगीण विकास होता है। प्रधानचार्य ने जनसंपर्क समिति में बच्चों को शुभाशीष देते हुए प्रभु से बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




भिवानी। सनराइज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

## अक्षय तृतीया के दिन होते हैं बाल विवाह जो दंडनीय अपराध: पंकज

# बाल विवाह रोकने को प्रशासन ने की टीम गठित

- ईशरवाल सर्कल में आंगनवाड़ी वर्कर्स की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत ईशरवाल सर्कल में आंगनवाड़ी वर्कर की बैठक का आयोजन किया। बैठक में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने की शपथ ली। विभाग से सुपरवाइजर पंकज शर्मा ने कहा कि 10 मई को अक्षय तृतीया है। इस दिन बाल विवाह अधिक संख्या में होते हैं जो एक दंडनीय अपराध है। इस प्रकार की शादी गैर कानूनी और अमान्य मानी जाती हैं, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसे बढ़ावा देता है या करने में सहायता करता है, उसे दो साल तक की कैद या 1 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने आंगनवाड़ी वर्कर का आह्वान किया कि बाल विवाह की सूचना तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को दें। बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों की टीम गठित की है, जो जिले में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए सक्रिय रहेगी। शर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया के पवित्र दिन अनेक धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन सामूहिक बाल विवाह के आयोजनों की भी संभावना होती है। उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना अपराध है और गैर जमानती है। इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर सुमित्रा, वंदना, शर्मिला, सुनीता, उषा आदि महिलाएं उपस्थित रहे।



भिवानी। बाल विवाह रोकथाम की महिलाओं को शपथ दिलवाती आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पंकज शर्मा। फोटो: हरिभूमि

### बाल विवाह से बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण पर पड़ता बुरा असर

शर्मा ने बताया कि बाल विवाह से बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण पर बुरा असर पड़ता है। वहीं बच्चों के उत्पीड़न व शोषण को भी बढ़ावा मिलता है। बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर समाप्त होते हैं और मातृत्व मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी होती है। उन्होंने अपील की कि बाल विवाह की जानकारी मिले तो वे तुरंत सूचना उच्च अधिकारियों को दें ताकि बाल विवाह रुकवाया जा सके और संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## समाजसेवा के कार्यों से अन्य लोगों को मिलती प्रेरणा: सरिता



**भिवानी।** शहीद भगत सिंह चौक स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय लोहड़ में समाजसेवी प्रेम हंस ने अपने पति स्वर्गीय अमरलाल हंस की स्मृति में वाटर कूलर भेंट किया। स्कूल परिसर में त्रिवेणी भी रोपित की गई। इस अवसर पर उनके पुत्र जतिन हंस, पुत्रवधू श्रुति व पौत्र कबीर भी मौजूद थे। विद्यालय प्रभारी सरिता रानी ने कहा कि समाजसेवा के कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में वाटर कूलर से छात्राओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि स्कूल में छात्राओं को शिक्षा एवं अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं जो उनके भविष्य में उज्ज्वल बनाते हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियाओं भी सिखाई जाती हैं। इस मौके पर डिंपल, रानी मदेरना, रीना, राजेश सिंह राठौड़, लिपिक अर्चना गौड़, डॉली शर्मा, जलदीप ग्रेवाल, रविन्द्र सिंह जांगड़ा, अनिल कांगड़ा आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### हर कर्मचारी को दो.दो दाखिले करवाना जरूरी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड के सीआरसी, एबीआरसी की मीटिंग का आयोजन किया जिसमें सभी सीआरसी व एबीआरसी ने उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक कार्यकारी बीईओ आनंद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसमें डीईईओ संतोष नागर ने उपस्थिति दर्ज कराकर सभी को बताया कि विभाग द्वारा मांगी गई सभी सूचनाओं का समय पर आदान प्रदान करना है, हर विद्यालय प्राचार्या से लेकर टीजीटी, पीजीटी,जेबीटी, एमडीएम आदि कर्मचारियों को भी दो.दो दाखिले करवाकर छात्र संख्या बढ़ानी है।

### महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी

**भिवानी।** बदलते दौर और बढ़ती महंगाई में बेहतर जीवन जीने के लिए जरूरी है कि घर का हर सदस्य आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो। परिवार की समृद्धि के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भिवानी स्वर्णकार सेवा परिषद द्वारा एक जून से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण की शुरूआत की जा रही है। परिषद के प्रधान हरिचरण वर्मा ने बताया कि नया बाजार स्थित अंचल सदन में एक जून 2024 से 3 माह का सिलाई व ब्यूटीशियन कोर्स तथा एक माह का मेहंदी कोर्स का प्रशिक्षण आरंभ किया जाएगा।



### लड़कियों को अधिकारों के प्रति किया जागरुक

**चरखी दादरी।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने राज्य में सेफ सिटी कैंपेन के तहत लड़कियों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए मनचलों के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश सभी पुलिस अधीक्षकों को दिए हुए हैं। पुलिस द्वारा चलाए अभियान का उद्देश्य है कि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाई जाए।

### आर गजलक्ष्मी को बनाया सामान्य पर्यवेक्षक

**भिवानी।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भिवानी महेंद्रगढ़ 08 लोकसभा क्षेत्र के लिए आर गजलक्ष्मी को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश अमित कुमार ने बताया कि चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत व सुझाव के लिए कोई भी नागरिक बीएंडआर विभाग के रेस्ट हाउस नारनौल के कमरा नंबर तीन में मुलाकात कर सकता है।

### लोगों से कूड़ा कूड़े की गाड़ी में ही डालने की अपील

# बावड़ी गेट सरकुलर रोड पर बना कचरा प्वाइंट हटाया, होगी सफाई

**कचरा डालने वालों पर होगी कार्यवाही, नप के कूड़े वाहन में ही डाले कूड़ा: लोकेश, स्टैंड विद नेचर व श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी ने चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहर में सालों से समस्या का कारण बने कचरा प्वाइंट अब धीरे धीरे साफ हो रहे है, लोगों के सहयोग के बिना कोई भी अभियान कामयाब नहीं होता, इसके लिए श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी लोगों से सीधा संपर्क कर रही भिवानी क्लस्टर में वेस्ट मैनेजमेंट पर काम कर रही हैं। इसी कड़ी में आज एजेंसी के कर्मचारियों व स्टैंड विद नेचर के कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के बावड़ी गेट सरकुलर रोड पर बने कचरा प्वाइंट को चिन्हित किया व वेस्ट मैनेजमेंट एजेंसी के कर्मियों को सुपरवाइजर दिनेश की अगुवाई में काम पर लगाकर उक्त स्थान से कचरा हटवाया। वहीं कचरा हटवाने के बाद एजेंसी की टीम ने आसपास की दुकानों, अस्पतालों व बैंकों में जाकर लोगों को कूड़ा कूड़े की गाड़ी में ही डालने की अपील की। उन्होंने गीले व सूखे कचरे को अलग रखने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर स्टैंड विद नेचर की तरफ से मुख्य रूप से पहुंचे विद्या देवी व पंकज ने टीम सदस्य गीता, उर्मिला, मोनिका के साथ उपस्थित लोगों को कचरा सही जगह पर डालने पर जागरूक किया व एजेंसी द्वारा शहर में किए जा रहे कामों की सराहना की।



**भिवानी।** लोगों को कचरा प्वाइंट पर कूड़ा डालने के लिए जागरुक करते स्टैंड विद नेचर के कार्यकर्ता व श्रीश्याम वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के सदस्य।

#### गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखें

पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रही स्टैंड विद नेचर संस्था के अध्यक्ष लोकेश भिवानी ने कहा कि कचरा निस्तारण सीधे तौर से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा हुआ मुद्दा है, हम गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करके पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम योगदान निभाते है। शहर में कूड़े के लिए जगह निर्धारित है, हम वहीं पर कूड़ा डालें ताकि कूड़ा उठान की प्रक्रिया बनी रहे एवं शहर साफ सुथरा रहे।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान सुपरवाइजर नवदीप, विक्रम, पर्यावरण कार्यकर्ता विद्या देवी, वाणी मौजूद रहे।



## भिवानी-महेंद्रगढ़ से बड़ी जीत तय, जनता खुद लड़ रही चुनाव : राव दान सिंह

**महेंद्रगढ़।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह ने सोमवार को भिवानी हलके गांव कितलाना, निमडीवाली, रूपगढ़, झरवाई नंदगांव, ढाणी जंगा, ढाणी अहिरान, राजगढ़, नवां, धिराणा, देवसर, हालुवास, हालुवास माजरा, ढाणा नरसान, ढाणा लाडनपुर, अजीतपुरा, गौरीपुर, मानहेरू, मधमाधवी, धारेडू, सांगा, बड़ाला, कायला, बामला, फूलपुरा, नौरंगाबाद, उमरावत, कोंट, पूर्णपुरा, नांगल में दौरे कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान राव दान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता सच्चाई के साथ होती है। कांग्रेस के जो मुद्दे हैं वे जनता के मुद्दे हैं। महंगाई, बेरोजगार, गरीब-अमीर के बीच की खाई का मुद्दा कांग्रेस का भी है और जनता का भी है जब प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के न्यायपत्र की आलोचना की तो ज्याद से ज्यादा लोग न्यायपत्र को डाउनलोड़ करने लगे। उससे घोषणा पत्र और लोकप्रिय हो गया। राव दान सिंह ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस के पास सबसे बड़ा हथियार उसका घोषणापत्र और कल्याणकारी योजनाएं हैं इसलिए इन्हें घर-घर व जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कांग्रेसजन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां, किसानों को एम.एस.पी की गारंटी, 25 लाख तक का इलाज, एस.सी पिछड़ों को जनसंख्या के अनुपात में भागेदारी मिलेगी साथ ही हरियाणा में सरकार बनने पर 2 लाख से ज्यादा पक्की नौकरियां दी जाएंगी। भाजपा ने पेपर लीक, भर्ती घोटालों, अग्निवीर और कौशल निगम के जरिये जिन पढ़े लिखे युवाओं को प्रताड़ित किया है उन युवाओं को कांग्रेस पेपर लीक से मुक्ति और योगतानुसार पक्की नौकरियां देगी। राव दान सिंह ने कहा कि भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस की जीत तय है क्योंकि भिवानी-महेंद्रगढ़ दोनों जिलों में उन्हें 36 बिरादरी से भरपूर प्यार व समर्थन मिल रहा है जबरदस्त उत्साह को देखकर लग रहा है कि यह चुनाव जनता खुद लड़ रही है।

## राजकीय वमावि रतेरा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा में लहराया परचम


**बवानीखेड़ा।** विद्यालय में परीक्षा परिणाम में बाजी मारने पर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

रतेरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बारहवीं कक्षा के 29 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान पाया विद्यालय का परिणाम रहा शत प्रतिशत जिसमें कोमल ने 462 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया।

दूसरे स्थान पर नेहा व तीसरे स्थान पर रिंकी ने बाजी मारी। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम में बच्चों व विद्यालय स्टाफ सदस्यों की कड़ी मेहनत का रहा योगदान। विद्यालय के मुखिया सुखबीर मलिक ने शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों व समस्त स्टाफ सदस्यों को दी बधाई।

## विकसित भारत के लिए करें वोट : मनोहर लाल

- विजय संकल्प रैली में पूर्व सीएम मनोहर लाल ने कांग्रेस प्रत्याशी पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी/लोहारू

विजय संकल्प रैली में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के समय की कई बीमारियां हमने काटी है। कांग्रेस के समय में चपरासी, क्लर्क, सुपरवाइजर, एचसीएच की नौकरियां पैसे देकर मिलने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पढ़े लिखे युवाओं को योग्यता के आधार नौकरियां दी। हरियाणा में ऐसा पहली बार हुआ गरीब परिवार के बच्चों को भी सरकारी नौकरियां मिली है। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को जात-पात से ऊपर उठकर देश व प्रदेश के हित में अपना मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जात-पात सामाजिक कार्य व विवाह शादी के लिए जरूरी है, लेकिन राष्ट्र हित में मतदाता महत्व ना दे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी दुनिया में इतने मतबूत नेता बन गए हैं कि दुनिया का कोई भी देश जब तकलीफ में होता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन मिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढकर भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे का यह कहकर दुष्प्रचार कर रहे है कि भाजपा को यदि 400 सीटें मिली तो भाजपा आरक्षण को लेकर संविधान बदल देगी,जबकि सत्य यह है कि यदि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर दोबारा जन्म लेकर भी इस संविधान को बदलना चाहे तो संविधान नहीं बदला जा सकता। भाजपा प्रत्याशी सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र में लंबे समय से औद्योगिक विकास की जरूरत है। हरियाणा के वित्त मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि बहल क्षेत्र उनके लोहारू विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है। यहां के मतदाता अधिक से अधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी को जिताएंगे, तभी वे मजबूती से काम कर पाएंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, लोकसभा अध्यक्ष शंकर धूपड़, पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, विधायक घनश्याम सर्राफ , पूर्व विधायक सुभाष पुनिया,पूर्व विधायक शशी रंजन परमार, शमशेर सिंह खरकड़ा, जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक, शिवकुमार पाराशर, विरेंद्र कौशिक, संदीप श्योराण आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** आयोजित रैली में पूर्व सीएम मनोहर लाल को सम्मानित करते हुए।



## बेरला के कुनाल ने एनडीए में ऑल इंडिया में हासिल की 12वीं रैंक, किया सम्मानित

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा बेरला गांव के कुनाल कुंडू ने यूपीएससी द्वारा आयोजित नेशनल डिफेंस एकेडमी की परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 12वीं रैंक हासिल की हैं। गांव के युवा के लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होने की उपलब्धि पर गांव व परिजनों में खुशी की लहर है। स्कूल में उनका स्वागत किया गया। यूपीएससी द्वारा फरवरी माह में आयोजित नैशनल डिफेंस एकेडमी की परीक्षा में भाग लेने वाले गांव बेरला निवासी कुनाल कुंडू ने प्रथम चरण में ही रिकार्ड कायम किया है।

उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर 12वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। पंडित एचडीएम स्कूल के प्रबंधक अश्वनी शर्मा ने बताया कि कुनाल ने दसवीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कुनाल का परिवार पूरी तरह कृषि से होने वाली आजीविका पर निर्भर है। कुनाल छह माह पहले ही अग्निपथ योजना के तहत इंडियन नेवी में भर्ती हुए थे। कुनाल ने बताया कि बचपन से ही सेना में भर्ती होने का सपना देखा। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, राजेश शर्मा, बबलू कुमार, विनोद कुमार, सुमन देवी, विनोद, स्वाति, इंदु देवी, बलवान, सुमन शर्मा, मीरा आदि मौजूद रहे।

## होनहार छात्रों को किया सम्मानित

- केएम स्कूल के विद्यार्थियों का अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य ओलंपियाड में बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा स्कूली स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य ओलंपियाड 2023.24 आयोजित किया गया, जिसमें केएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 6 विद्यार्थियों, कक्षा ग्यारहवीं से निधि ने प्रथम रैंक,प्राची शर्मा ने दूसरा रैंक,पलक जांगड़ा ने तीसरा रैंक, कक्षा बारहवीं से केशव सोनी ने प्रथम रैंक,चारु जुनेजा ने दूसरा रैंक तथा कृष तायल ने तीसरा रैंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा तथा गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित ने विद्यार्थियों को मैडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि केएम स्कूल के होनहार छात्र ऐसे ही अपनी प्रतिभाओं से विद्यालय का नाम गौरवान्वित करते रहेंगे और भविष्य में भी उनके जैसी अनेक प्रतिभाएँ विद्यालय प्रांगण में प्रफुल्लित होती रहेंगी। विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षक सुमन पंवार,सतीश जैन व अंकुर गुप्ता को दिया। प्रबंधन समिति सचिव राजेश मोड़ा व समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।



**भिवानी।** ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी।


**चरखी दादरी।** चयन प्रक्रिया में उपस्थित कैडेटस।

## जूनियर विंग कैडेंटस की चयन प्रक्रिया

**चरखी दादरी।** कस्बा बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कर्नल रणधीर सिंह के नेतृत्व में 11 हरियाणा एनसीसी बटालियन भिवानी आर्मी विंग जूनियर डिवीजन और जूनियर विंग कैंडेट्स कि चयन प्रक्त्रिया की गई। इसमें करीब 110 छात्रों ने भाग लिया जिसमें से 45 छात्रों का एनसीसी जूनियर विंग के लिए चयन हुआ।। नायब सूबेदार हरपाल सिंह व हवलदार उमरदीन खान के द्वारा सभी छात्रों का शारीरिक व मानसिक दक्षता का परीक्षण किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रताप सिंह यादवए विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णदत्त यादव ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनसीसी इंचार्ज सेकंड ऑफिसर कंवर सिंह यादव ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चयनित हुए एनसीसी कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, एनएसएस अधिकारी जयप्रकाश यादव, डीपीई रोबिन सिंह,कर्मजीत मलिक,रामनिवास,मुकेश कौशिक, लोकेश जांगड़ा,सुषमाशीतल आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

### हलवासिया विद्या विहार के हिंदी व अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

# हिंदी सुलेख में छठी से हिमांशी, सातवीं से गहना और आठवीं से यशिका प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में हिंदी साहित्य सुधा संगम एवं लर्न इंग्लिश थ्रू एंजॉयमेंट ग्रुप की ओर से माध्यमिक विभाग में सुलेख प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। सुलेख प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लिखावट को सुधारना तथा अशुद्धियों का निदान करना होता है। लिखते रहने की आदत से विद्यार्थियों का मस्तिष्क सक्रिय होता है तथा उनमें निरंतरता बनी रहती है। प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा छठी से आठवीं तक के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया। हिंदी सुलेख प्रतियोगिता आचार्या प्रतिभा गोयल, अंजू लोहान, ममता शर्मा एवं आचार्य मुकेश की देखरेख में संपन्न हुई। हिंदी सुलेख की निर्णायक आचार्या रेखा रही। इस मौके पर प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत व प्राचार्य विमलेश आर्य ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सुलेखक की भूमिका आचार्य अनिल मणि ने निभाई। हिंदी सुलेख में कक्षा छठी से हिमांशी प्रथम, लावण्या द्वितीय, अर्चना तृतीय कक्षा सातवीं से गहना प्रथम, यशिका द्वितीय, दिव्या तृतीय व वर्तिका मुद्गल प्रोत्साहन पुरस्कार तथा कक्षा आठवीं से यशिका परमार प्रथम, नंदिनी द्वितीय,तनु तृतीय व ताशु नैनवार और रुद्राक्षी ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।


**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के हिंदी व अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

#### अंग्रेजी सुलेख में युवम प्रथम

अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता के निर्णायक आचार्या बबीता, विनीता एवं कविता जिंदल रहे। अंग्रेजी सुलेख में कक्षा छठी से युवम प्रथम, रिद्धि द्वितीय,काशवी तृतीय, सिद्धि और हिमांशी प्रोत्साहन पुरस्कार कक्षा सातवीं से किंजल प्रथम, करुणा द्वितीय, वर्तिका मुद्गल तृतीय एवं जानवी और गहना प्रोत्साहन पुरस्कार कक्षा आठवीं से कीर्ति प्रथम, निष्ठा द्वितीय,खुशी तृतीय एवं रिद्धि और नविष्ठा भारद्वाज ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में माध्यमिक विभाग प्रमुख आचार्य सुवीरा गर्ग एवं हिंदी व अंग्रेजी के आचार्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### सिंघानी के राजकीय विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित

**लोहारू।** सिंघानी के राजकीय वमावि में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट में स्थान हासिल करने वाले 19 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य वेदप्रकाश ने बताया कि इस बार विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षाओं में मेरिट में स्थान हासिल करके इलाके का गौरव बढ़ावा है। उन्होंने बताया कि छात्रा सुनीता ने 459 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थानएलकी ने 438 ंक के साथ द्वितीय और नरेश और प्रीति ने 437 अंक हासिल करके तृतीय स्थान हासिल किया है। सरपंच संजीत श्योराण एसएमसी प्रधान जयप्रकाशए आशा कुमारी सहित स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET S.S.C.
अग्निवीर C.E.T.
रेलवे N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973